
# जापान के वैश्विक आयोजनों में जाएगा यूपी का प्रतिनिधिमंडल

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पहली बार जापान से 240 लोगों के प्रतिनिधिमंडल का प्रदेश में आगमन हुआ। इस यात्रा में जापान व यूपी के बीच सकारात्मक माहौल का सृजन हुआ। अतिथियों ने यूपी आए सकारात्मक बदलावों की सराहना की। ऐसे में जापान व यूपी के बीच निरंतर संवाद कर निवेश के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए। जापान में सितंबर, अक्टूबर व दिसंबर में होने वाले विभिन्न वैश्विक आयोजन में यूपी का प्रतिनिधिमंडल भी भेजा जाए। इसमें मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, उद्योगपतियों के साथ ही संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाए।

सीएम ने सोमवार को जापानी कंपनियों के निवेश और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को इन्वेस्ट यूपी व अन्य विभागों के अधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान जापान के प्रतिनिधिमंडल की ओर से किए गए सभी एमओयू के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि मुख्य फोकस निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, तकनीक, कौशल विकास, शिक्षा और पर्यटन में सहयोग बढ़ाने पर रहा।

सीएम ने जापानी कंपनियों के निवेश को लेकर इन्वेस्ट यूपी संग की बैठक, कहा- जापानी भाषा के प्रशिक्षण पर फोकस करें



सीएम ने यीडा में स्थापित हो रही जापानी सिटी के लिए भूमि अधिग्रहण के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 500 एकड़ में से 350 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण पूरा किया जा चुका है। सीएम ने इस कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

**हर तीन महीने में लें प्रोग्रेस रिपोर्ट :** योगी ने कहा कि जापानी भाषा के प्रशिक्षण एवं स्किल डिवेलपमेंट के कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। यामानाशी प्रांत सहित जापान के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं को सुदृढ़ किया जाए। इन्वेस्ट यूपी में अलग से यामानाशी जापान डेस्क बनाकर हर तीसरे महीने इसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट लें।